हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

4

सरस्वती शिशु मंदिर दर्री में शिशु नगरी कार्यक्रम का हुआ आयोजन




## खबर संक्षेप

### नेचुरल थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

**कोरबा।** जैन मिलन समिति एवं सकल जैन समाज के सौजन्य से बुधवारी बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में एक्यूप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन, नेचुरल थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर 12 से 17 जनवरी तक आयोजित है। जिसमें एक्यूप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग ट्रीटमेंट संस्थान जोधपुर के थैरेपिस्ट डॉक्टर मुकेश चौधरी एवं थैरेपिस्ट डॉक्टर गुरप्रीत सिंह विशेषज्ञ एवं उनकी टीम रहेगी। जिनके द्वारा बिना औषधि के घुटनों का दर्द, मोटापा, ब्लडप्रेशर, शुगर, गैस, कब्ज, सर्वाइकल दर्द, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, पुराना सिरदर्द, साइटिका, आंख, कान, नाक, गले का रोग, लंबाई बढ़ाना, लकवा, मस्सा, बवासीर, डिप्रेशन, मानसिक तनाव हाथ पैरों में झुनझुनी होना आदि अनेक रोगों का इलाज बिना दवाई के द्वारा एक्यूप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन थेरेपी से किया जाएगा।

### सर्वमंगला नगर में 12 से 19 तक महा शिव पुराण कथा

**कोहड़िया।** सर्वमंगला नगर दुरपा में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 12 से 19 जनवरी तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा स्थल छोटा दशहरा मैदान, सर्वमंगला नगर दुरपा निर्धारित किया गया है। आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से पूजन, रुद्राभिषेक एवं आरती होगी, वहीं दोपहर 3:30 बजे से शिव महापुराण कथा शिव-इच्छा तक चलेगी। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को प्रतिदिन सिद्ध रुद्राक्ष का वितरण भी किया जाएगा। कथा के पहले दिन 12 जनवरी को कलश यात्रा, वेदी पूजन, कथा महात्म्य एवं पार्थिव शिवलिंग पूजन का आयोजन होगा। 13 जनवरी को भस्म की महिमा, नारद जी का वानर मुख होना तथा भगवान विष्णु को श्राप की कथा सुनाई जाएगी। 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन विशेष कथा में गंगावतरण, रुद्रहित यज्ञ का आरंभ एवं सती प्रसंग का वर्णन होगा।

### सीनियर वर्ग क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का चयन 17 को

**कोरबा।** सीनियर वर्ग क्रिकेट टीम के लिए खिलाड़ियों का अंतिम चयन (सिलेक्शन ट्रायल) एचटीपीपी कोरबा पश्चिम के लाल मैदान में 17 जनवरी को सुबह 9:30 बजे से आयोजित की जाएगी। चयन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों का पंजीयन आवश्यक है । चयनित खिलाड़ियों को सीएससीएस और केडीसीए के टूर्नामेंट, ट्रेनिंग कैंप व सेलेक्शन मैच में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। चयनकर्ताओं की देखरेख में खिलाड़ी ट्रायल देंगे। इस मौके पर केडीसीए से विशेष पर्यवेक्षक मोती पटेल, चयनकर्ता भूपेंद्र भूषण, युवराज सिंह व अजय राय रहेंगे। वही जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बी.बी साहू,सचिव अखिलेश मणि तिवारी, कोषाध्यक्ष छतलाल यादव, सह सचिव जीत सिंह, वरिष्ठ खिलाड़ी रतन भारिया, बलबीर सिंह, प्रेम साहू उपस्थित रहेंगे। खिलाड़ियों का टीम में चयन उनके क्रिकेट कौशल बैटिंग, बॉलिंग, विकेट कीपिंग, फील्डिंग व फिजिकल टेस्ट के आधार पर लिया जाएगा। अंतिम 20 सदस्यीय जिला टीम का चयन सेलेक्शन मैच के आधार पर किया जाएगा।

### एएसआई कुर्रे किए गए लाइन अटैच

**कोरबा।** किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी से वसूली की शिकायत के बाद एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने पसान थाना के एएसआई लक्ष्मी प्रसाद कुर्रे को पुलिस पुलिस लाइन भेजा है। इसके साथ ही तीन प्रधान आरक्षक व एक महिला आरक्षक का भी तबादला किया गया है। जिसमें प्रधान आरक्षक धनंजय तिवारी को चौकी मोरगा से थाना सिविल लाइन, शैलेन्द्र भोसले को थाना पसान से चौकी मोरगा, जय प्रकाश यादव को पुलिस लाइन से थाना उरगा पदस्थ किया गया है। इसी तरह महिला आरक्षक अनुराधा कंवर को थाना श्यांग से पुलिस लाइन में अस्थाई तौर पर पदस्थ किया गया है।

# पीएम आवास नहीं बन रहे समय पर, 9 कर्मचारियों का रुकेगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में बनाए जा रहे आवास निर्माण समय पर नहीं पूरा होने के मामले में जनपद पंचायत कोरबा के 9 कर्मचारियों के वेतन आहरण पर रोक लगा दी गई है। वहीं 11 कर्मचारियों को लापरवाही के मामले में नोटिस थमाई गई है। पीएम आवास के निर्माण को लेकर सभी जनपद पंचायतों में अपेक्षाकृत प्रगति नजर नहीं आ रही है। अधिकारियों के तमाम आदेश के बाद भी मैदानी अमला लापरवाह नजर आ रहा है।

प्रदेश सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट के रुप में पहचान बना चुके प्रधानमंत्री आवास योजना की लगातार समीक्षा जिला पंचायत सीईओ के द्वारा समय समय पर की जा रही है। निर्माण में प्रगति लाने के लिए जनपद सीईओ से लेकर आवास शाखा के अधिकारियों को भी सतत निगरानी और दौरे के निर्देश भी दिए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग के द्वारा जब जनपद ⏭ शेष पेज 3 पर

### जनपद पंचायत कोरबा के कार्यों की हुई समीक्षा

**खास बातें**

- बैठक में अनुपस्थित रहे 18 कर्मचारियों को थमाई गई नोटिस
- आवास निर्माण में प्रगति है कमजोर



### पाली और पोड़ी में भी वेतन रोकने की कार्यवाही

जनपद पंचायत कोरबा की तरह जनपद पंचायत पाली और पोड़ी उपरोड़ा में भी पीएम आवास निर्माण की प्रगति को लेकर दोनों जनपद पंचायतों के आवास शाखा के कर्मचारियों की बैठक लेकर जब मैदानी स्तर पर चल रहे कार्यों की जानकारी जब जनपद की बैठक में ली गई तो दोनों पंचायतों में भी शून्य प्रगति का ही परिणाम सामने आया। दोनों पंचायतों को मिलाकर 20 कर्मचारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

### 9 ग्राम पंचायतों में काम ही नहीं हुए शुरु

जनपद कोरबा के 9 ग्राम पंचायत ऐसे हैं जिसमें हितग्राहियों के द्वारा आवास निर्माण की स्वीकृत राशि की प्रथम किश्त आहरित कर ली गई है और कार्य ही शुरु नहीं किया गया है। ऐसे ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायकों के खिलाफ कार्यवाही हुई है साथ ही आवास मित्रों को इसके लिए जिम्मेदार माना गया है जिनके द्वारा निर्माण कार्य की सतत निगरानी नहीं की जा रही है जबकि आवास मित्रों को प्रत्येक आवास निर्माण के पीछे 1 हजार रुपए का मानदेय भी दिया जा रहा है। उसके बावजूद यह स्थिति सामने आ रही है।

## गौरा पूजा एवं बैगा पुजेरी सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# प्राचीन संस्कृति और परम्पराओं को सहेजने का कार्य कर रहा है जनजातीय समाज : विष्णुदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आदिवासी समाज का अपना गौरवशाली इतिहास, विशिष्ट संस्कृति और परम्पराएं हैं। बैगा और पुजेरी समाज आज भी इन परम्पराओं के संरक्षण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण इसलिए किया ताकि यहां की सर्वाधिक जनसंख्या वाले आदिवासी समाज को विकास की मुख्य धारा में आगे बढ़ाया जा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समाज का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए 15 नवंबर शहीद गुण्डाधुर जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करते हुए धरती आंबा उत्कर्ष योजना प्रारंभ की। इसके अलावा पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास के दायरे में लाने का कार्य किया जा रहा है।

**खास बात**

- जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है सरकार

उक्त बातें महर्षि वाल्मीकि आश्रम, आईटीआई रामपुर में आयोजित गौरा पूजा महोत्सव एवं बैगा पुजेरी सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कही। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि आज देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आदिवासी समाज की बेटी, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू आसीन हैं और छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री भी एक साधारण किसान परिवार से आने वाला आदिवासी समाज का बेटा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के लिए 80 हजार करोड़ रुपये तथा पीएम जनमन योजना के लिए 24 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे छत्तीसगढ़ के 6691 गांव लाभान्वित हो रहे हैं। पहाड़ी कोरवा, बिरहोर सहित अन्य पीवीटीजी समुदायों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। आदिवासी अंचलों में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में प्राधिकरण का गठन कर आदिवासी एवं पिछड़े क्षेत्रों में विकास कार्यों को और अधिक गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने स्वयं भी इस संगठन में कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया है। आदिवासी समाज आदि-अनादि काल से भगवान गौरा-गौरी के रूप में शिव-पार्वती के उपासक रहा है। समाज के महापुरुषों के योगदान को याद करने, उनकी स्मृतियों को संजोने और नई पीढ़ी को उनके बारे में जानकारी देने हेतु नवा रायपुर में विशाल डिजिटल जनजातीय संग्रहालय स्थापित किया गया है, जिसमें महापुरुषों की गाथाओं का सचित्र वर्णन है। कार्यक्रम को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, वनवासी कल्याण आश्रम के पदाधिकारी पनतराम भगत एवं बीरबल सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर संजीव शुक्ला, कलेक्टर कुणाल दुदावत, एसपी सिद्दार्थ तिवारी, वनवासी कल्याण आश्रम के जिला अध्यक्ष रघुराज सिंह उइके, गोपाल मोदी सहित जनप्रतिनिधिगण और समाज जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



हेलीपेड पर मुख्यमंत्री का स्वागत करते भाजपाई।




मंच पर उपस्थित अतिथिगण।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमुदाय।

### मुख्यमंत्री ने की प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महर्षि वाल्मीकि आश्रम में भगवान शिव और माता पार्वती के प्रति आस्था के प्रतीक गौरा-गौरी की विधिवत पूजा-अर्चना की। साथ ही उन्होंने आश्रम परिसर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की मूर्तियों की भी श्रद्धापूर्वक पूजा की। इस अवसर पर सीएम श्री साय ने प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की तथा कहा कि यह पावन स्थल हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और मूल्यों का प्रतीक है, जो समाज में शांति, सद्भाव और एकता का संदेश देता है।

### बैगा पारंपरिक धार्मिक गतिविधियों के संवाहक

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि गांव-गांव में आज भी गौरा-गौरी पूजा आस्था का प्रमुख केंद्र है। बैगा पारंपरिक धार्मिक गतिविधियों के संवाहक हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अनेक प्राचीन देवी-देवताओं के स्थल हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री श्री साय के मार्गदर्शन में विकसित कर पर्यटन के रूप में पहचान दिलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं, उसी प्रकार मुख्यमंत्री श्री साय विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। उन्होंने आईटीआई चौक से बालको मार्ग को जनजातीय गौरव पथ नाम देने और महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित करने की मांग भी रखी।

### आईटीआई बालको रोड का नाम जनजाति गौरवपथ

जनजातीय संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु बैगा, गुनिया और सिरहा को प्रतिवर्ष 5 हजार रुपये की सम्मान निधि प्रदान की जाएगी। सरना स्थलों का संरक्षण किया जाएगा, जो सांस्कृतिक धरोहर के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आईटीआई चौक से बालको रोड का नाम जनजातीय गौरव पथ करने की घोषणा की। उन्होंने इस मार्ग के प्रारंभिक बिंदु पर जनजातीय महापुरुषों की विवरण सहित प्रतिमाएं स्थापित करने की भी घोषणा की।

### रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग

**कोरबा।** रेल संघर्ष समिति एवं जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स पदाधिकारियों ने सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत से मुलाकात की। उनके समक्ष रेल समस्याओं को गंभीरतापूर्वक रखा है। सांसद ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी रेलवे को पत्र लिखा है। तत्पश्चात आने वाली बैठक में इन मुद्दों पर पूरा ज़ोर लगाया जाएगा कि शीघ्र अतिशीघ्र यह सुविधा कोरबावासियों को मिल सके। जनता को जो असुविधा हो रही है वो कष्टदायी है। यह सब जानते हैं एवं रेल अधिकारी भी इन चीज़ों से अवगत है। जो कोरबा के विकास मे बाधा बनी है। पदाधिकारियों ने मांग रखी है कि पिट लाइन को तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाए ट्रेन 11701/11702 जबलपुर रायपुर जबलपुर मूकमाटी एक्सप्रेस को कोरबा तक विस्तार किया जाना चाहिए। कोरबा, चाम्पा, नैला के यात्रियों के लिए कोई सीधी गाड़ी जबलपुर के लिए नहीं है। ट्रेन 17841/17842 तिरुपति बिलासपुर तिरुपति एक्सप्रेस का विस्तार कोरबा तक यह गाड़ी लगभग 22 घंटे खड़ी रहती है। ट्रेन भोपाल बिलासपुर पैसेंजर 18235 प्राथमिक रखरखाव के बाद ट्रेन 58212 के समय पर बिलासपुर से कोरबा के मध्य चलाया जाए व 18236 को सीधा कोरबा से भोपाल पैसेंजर बनाकर चलाया जाए।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों की प्री बोर्ड परीक्षा शुरू

**कोरबा।** सीजी बोर्ड की मुख्य परीक्षा 20 फरवरी से प्रारंभ होगी। इससे पहले शनिवार से प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू कर दी गई है। यह परीक्षा जिले के सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में आयोजित की जा रही है, जिसमें कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र शामिल हो रहे हैं। प्री-बोर्ड परीक्षा के परिणाम से छात्रों को अपनी तैयारी के स्तर का आकलन करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, जिस विद्यालय से छात्र अध्ययनरत हैं, वहाँ के विषय शिक्षकों एवं संस्था प्रमुखों की शैक्षणिक मेहनत का भी मूल्यांकन हो सकेगा। कमजोर प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों द्वारा अतिरिक्त दबाव बढ़ेगा, ताकि वे बोर्ड परीक्षा में सम्मानजनक प्रदर्शन कर सकें। शनिवार को दोनों ही कक्षाओं की हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। यह प्री-बोर्ड परीक्षा 17 जनवरी तक चलेगी।

## पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के कौआताल, पंडरीपानी में हुई है कुएं की खुदाई

# फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों में मनरेगा से खोदे गए हैं कुएं, फिर मांगे जा रहे हैं प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों में शुद्ध पेयजल के लिए मनरेगा से खोदे गए कुएं एक बड़ी सुविधा के रुप में सामने आए हैं। फ्लोराइड प्रभावित अन्य ग्राम पंचायतों से भी कुएं खोदने के संबंध में प्रस्ताव मांगने की तैयारी चल रही है ताकि फ्लोराइड प्रभावित ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सके।

पीएचई विभाग के द्वारा फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों में ऐसे नलकूप और बोर को बंद कराया गया है जिनसे फ्लोराइडयुक्त पानी निकल रहा था। इनके अलावा और भी ऐसे गांव हैं जहां पर पानी की समस्या को देखते हुए कुएं की खुदाई की गई। ये ऐसे गांव हैं जो फ्लोराइड से प्रभावित थे और इस पानी के पीने से ग्रामीण विकलांग की श्रेणी में आ गए। फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों की सबसे ज्यादा संख्या विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा में है जिनमें बिंझरा, कौआताल, पंडरीपानी, मातिन, आमाखोखरा आदि गांव शामिल हैं इन गांवों का अगर निरीक्षण करें तो अधिकांश ग्रामीण और स्कूली बच्चे भी इसकी चपेट में आ गए हैं। मनरेगा के द्वारा पंडरीपानी में कुआं खुदाई की गई थी। जिससे फ्लोराइड प्रभावित ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल का सहारा मिला। इसी तरह आमाखोखरा और मातिन गांव के निवासियों ने भी फ्लोराइडयुक्त पानी से बचाव के लिए कुएं खुदाई पर ज्यादा जोर दे रहे हैं ताकि उन्हें भी शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके।




### विभाग में पेंशन का प्रावधान नहीं

फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों के पीड़ित ग्रामीणों को विभाग से फ्लोराइड पेंशन दिए जाने संबंधी कोई प्रावधान नहीं है। इस संबंध में पीएचई के कार्यपालन अभियंता रमन उरांव ने बताया कि उनकी जानकारी में फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों के किसी भी पीड़ित व्यक्ति को शासन या विभाग की ओर से पेंशन देने का कोई प्रावधान नहीं है। फिर भी वह अपनी ओर से इसकी जानकारी लेंगे।

### ये है तकनीकी कारण

बोर खनन और हैंडपंप खनन के दौरान इसकी गहराई कहीं कहीं 3 सौ फुट तक चली जाती है जबकि वहीं कुएं की खुदाई में 100 फुट तक में भी पानी मिल जाता है। तकनीकी विभाग से जुड़े कर्मचारियों की मानें तो अधिक गहराई तक में खुदाई करने से जो पानी मिलता है उसमें फ्लोराइड और अन्य खनिज तत्व की मात्रा ज्यादा रहती है। वहीं दूसरी ओर कुएं की गहराई कम रहने से उसमें मिलने वाले पानी में घातक खनिज तत्व की मात्रा अपेक्षाकृत कम रहती है।

# अवैध कब्जाधारियों पर एसईसीएल प्रबंधन ने कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका प्रबंधन ने प्रगतिनगर आवासीय परिसर में वर्षों से रह रहे गैर अधिकृत लोगों पर अब सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। अब तक खाली कराने की कार्यवाही नहीं होने से निश्चिंत होकर रह रहे अवैध कब्जाधारियों को प्रबंधन ने भारी भरकम किराया जमा करने का नोटिस जारी किया है।

**खास बात**

- मकान खाली कराने की बजाय किराया वसूलने जारी किया नोटिस

जानकारी के अनुसार प्रगतिनगर आवासीय परिसर में ऐसे कई लोग निवास कर रहे हैं, जो एसईसीएल कर्मचारी नहीं हैं अथवा जिनकी आवंटन अवधि समाप्त हो चुकी है, इसके बावजूद वे प्रभाव और पहुंच के दम पर लंबे समय से मकानों पर काबिज हैं। प्रबंधन द्वारा अब इन सभी को अवैध कब्जाधारी मानते हुए किराया जमा करने का नोटिस थमाया गया है। सूत्रों की मानें तो नोटिस में जिस राशि का उल्लेख किया गया है, वह सामान्य मार्केट रेट से कहीं अधिक बताई जा रही है। इसी कारण वर्षों से बेफिक्र होकर रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया है और कई कब्जाधारियों के होश उड़ गए हैं। हालांकि अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस आदेश पर जमीन पर कितना अमल होता है, क्योंकि पूर्व में भी कई बार नोटिस जारी होने के बाद कार्यवाही ठंडी पड़ जाती रही है। फिर भी इस बार प्रबंधन के रुख को देखकर यह माना जा रहा है कि प्रगति नगर में अवैध कब्जों के दिन पूरे होने वाले हैं।


**खबर संक्षेप**

### गार्ड के साथ मारपीट तीन युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** राजीव प्लाजा में गार्ड के साथ मारपीट करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, 10 जनवरी को साहेब सिंह राजीव प्लाजा में गार्ड की नौकरी कर रहे थे। रात 10.20 बजे आटो चालक अपनी आटो गेट नम्बर 1 से अंदर लेकर जा रहा था। गार्ड ने उसे आटो अंदर ले जाने से मना किया। इस पर आटो में सवार युवकों ने उनके साथ जमकर मारपीट कर दी। गार्ड ने पुलिस को सूचना दी तो पेट्रोलिंग गाड़ी मौके पर आई और हमलावरों के साथ बातचीत करने लगी। उसके बाद तीना हमलावर चले गए। पेट्रोलिंग पार्टी के द्वारा हमलावरों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे राजीव प्लाजा के व्यापारी तारबाहर थाने पहुंचकर हमलावरों पर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने अमर पाल की रिपोर्ट पर हमलावर मोहम्मद शाहरूख पिता मोहम्मद युसूफ खान 32 साल खुदीराम बोस चौक, रियाज अहमद पिता अब्दुल रशीद 27 साल राजकिशोरनगर, सागर नायक पिता पंचराम नायक 26 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो सूने मकानों से सोने चांदी के जेवर ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** चोरों ने दो सूने मकानों में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, गंगानगर फेस 2 निवासी कमलेश कुमार नेताम एफसीआई में एकाउन्टेट का काम करते हैं। 10 जनवरी को शाम 6 बजे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित रिश्तेदार हेमलाल मरावी के घर तिफरा चले गए थे। देर रात चोरों ने उनके घर में धावा बोलकर आलमारी का लाकर तोड़कर सोने का हार, मंगलसूत्र, टाप्स, लाकेट, 3 जोड़ी पायल सहित 3 लाख के जेवर चोरी कर भाग गए। 11 जनवरी को वह घर आए तब चोरी की जानकारी हुई। दूसरी घटना में सिरगिट्टी क्षेत्र के गणेशनगर नयापारा निवासी सुनीता साहू पति विनोद साहू 4 जनवरी को दरवाजे में ताला लगाकर भनवारटंक घूमने चली गई थी। उसके बाद तखतपुर ससुराल चली गई थी। इसी दौरान चोरों ने उनके मकान में धावा बोलकर टीवी, इन्डक्शन चूल्हा, नकद रकम चोरी कर लिया है। 10 जनवरी को वह घर लौटी तो चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### जमीन हड़पने के आरोप में बहू के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** जीवित सास का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर जमीन हड़पने के आरोप में पुलिस ने बहू के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, टिकरापारा मन्नू चौक निवासी शैल शर्मा पति स्व. देवनारायण शर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी विधवा बहू रंजना शर्मा ने वर्ष 1993 में उनके जीवित रहते हुए उनकी मृत्यु 26 मार्च 1993 दर्शाते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र तैयार कराया। कूटरचित प्रमाण पत्र के आधार पर ग्राम सोनौरी पटवारी हल्का सेजहटा तहसील रघुराजनगर जिला सतना मध्य प्रदेश स्थित जमीन का नामांतरण अपने व अपनी बेटी दृष्पिका तिवारी के नाम करवा लिया गया है, जिससे अवैध रूप से धन लाभ अर्जित किया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रंजना शर्मा, दृष्पिका तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### प्रताड़ना से त्रस्त युवक ने की खुदकुशी, युवती गिरफ्तार

**बिलासपुर।** प्रताड़ना से त्रस्त होकर एक युवक ने सुसाइड नोट लिखकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मामले में अपराध कायम कर प्रताड़ित करने वाली युवती को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 27 सितंबर को अग्रसेन चौक साकेत अपार्टमेंट निवासी रिटायर्ड अधिकारी अशोक सवन्नी का बेटा ईशांक उर्फ गौरव सवन्नी ने सुसाइड नोट लिखकर उसलापुर रेलवे स्टेशन में ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी, सुसाइड नोट में प्रियंका सिंह पर झूठा बलात्कार का मामले में जेल भेजकर लगातार प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया था।

**पर्यावरण विभाग से एनओसी प्रक्रिया में** | जिले के छह रेतघाटों की दो महीने पहले की गई थी नीलामी

# किसी भी रेतघाट को नहीं मिल सका पर्यावरण विभाग का एनओसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ किसी घाट में प्रारंभ नहीं हो सका खनन

जिले के छह रेत घाटों की नीलामी को अब लगभग दो महीने पूरे हो चुके हैं, लेकिन किसी भी घाट से अधिकारिक तौर पर रेत खनन अब तक प्रारंभ नहीं हो सका है। इसके पीछे किसी भी घाट के लिए पर्यावरण विभाग से एनओसी जारी नहीं हो पाना प्रमुख कारण है। विभागीय सूत्रों के अनुसार रेतघाटों के लिए पर्यावरण विभाग में एनओसी का प्रकरण फिलहाल प्रक्रिया में है। जिले में कहने को तो



छह रेतघाट हैं, और सभी की नीलामी भी की जा चुकी है, लेकिन आज दो महीने बाद भी किसी भी रेतघाट से रेत का खनन प्रारंभ नहीं हो सका है। 4. 6 हेक्टेयर वाले जरगा-कोनचरा रेतघाट की नीलामी 11 नवंबर को की गई थी। इसी तरह 5 हेक्टेयर वाला कुकुर्दीकला रेतघाट 13 नवंबर को नीलाम किया गया। 10 हेक्टेयर के विस्तृत क्षेत्र वाले लमेर रेतघाट की नीलामी 26 नवंबर को की गई। इसी तरह निरतू रेतघाट 20 नवंबर को नीलाम हुआ।

खनिज विभाग के नियमों के अंतर्गत रेतघाट की नीलामी के बाद संबंधित ठेकेदार को रेतखनन के लिए पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होता है। पर्यावरण विभाग में शासन द्वारा तय कुछ लोगों की कमेटी होती है, जो ऐसे प्रकरणों पर निर्णय लेती है। वर्तमान में जिले के सारे रेतघाट के प्रकरण एनओसी के लिए पर्यावरण विभाग में ही लंबित हैं, जिससे रेतखनन भी लंबित है।

### मौसम सूखा, फिर भी रेत की आपूर्ति बाधित

नदी से रेत खनन पर लगा प्रतिबंध पंद्रह अक्टूबर से समाप्त हो चुका है। इसके विपरीत आज तीन महीने बाद भी खनन प्रारंभ नहीं हो पाने के कारण शहरवासियों को रेत की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस संबंध में खनिज विभाग का कहना है कि अरपा नदी की रेत केवल पटाई के लिए उपयोग में लाई जा रही है। लोगों को घर बनाना है तो इसके लिए शिवरीनारायण से महानदी की रेत को ही पहली प्राथमिकता है। ऐसे में जिले में किसी भी रेतघाट के प्रारंभ नहीं होने से शहरवासियों को कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा है।

### बगैर एनओसी खनन किया तो होगी कार्रवाई

खनिज विभाग द्वारा वैसे तो प्रत्येक घाट के लिए ठेकेदार तय किए जा चुके हैं, लेकिन इन ठेकेदारों के द्वारा फिलहाल रेत खनन नहीं किया जा सकता। खनिज विभाग के अनुसार भले की सारे घाटों के लिए ठेकेदार तय हो चुके हैं, लेकिन जब तक पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं मिल जाता उक्त ठेकेदार अपने ही घाट में भी खनन नहीं कर सकते। यदि इनके द्वारा खनन करने की सूचना प्राप्त हुई तो संबंधित के खिलाफ खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

### कार्रवाई की जाएगी

जिले के किसी भी रेतघाट को पर्यावरण विभाग का एनओसी नहीं मिलने के कारण फिलहाल खनन प्रारंभ नहीं हो सका है। किसी ठेकेदार के द्वारा अगर अपने घाट में रेत खनन करने की शिकायत मिली तो संबंधित पर खनिज नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

–**किशोर कुमार गोलघाटे,** उपसंचालक खनिज विभाग

लिंगियाडीह चौक पर निगम और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी

# महिलाओं ने कहा- घर टूटेगा तो हम जिंदा नहीं बचेंगे, 50 वें दिन भी जारी रहा धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ विभिन्न राजनैतिक और सामाजिक संगठनों का समर्थन भी महिलाओं को मिल रहा

लिंगियाडीह स्थित दुर्गा नगर वार्ड क्रमांक 52 में नगर निगम द्वारा गरीब निवासियों के मकान तोड़ने की कार्रवाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। प्रभावित नागरिकों ने खास तौर पर महिलाएं इसके विरोध में उतरी हुईं हैं। महिलाएं लिंगियाडीह चौक में धरना प्रदर्शन कर रही हैं जिसके 50 दिन बीत चुके हैं। विभिन्न राजनैतिक और सामाजिक संगठनों का समर्थन भी इन्हें मिल रहा है। निगम और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की जा रही है। महिलाओं का कहना है कि वे दशकों से इस क्षेत्र में रह रहीं हैं और बार-बार की तोड़फोड़ कार्रवाई ने उनके जीवन को अस्थिर बना दिया है। वे पिछले 50 वर्षो से लिंगियाडीह क्षेत्र में रह रहे हैं। उन्होंने अपनी मेहनत की कमाई से घर बनाए हैं, जिन पर अब निगम का बुलडोजर चल रहा है। महिलाओं ने यह भी कहा कि घर टूटेगा तो हम जिंदा नहीं बचेंगे, यह मांगे नहीं, हक है जो चाहिए।

धरने पर बैठीं 100 से अधिक महिलाओं के मुताबिक यह संघर्ष अब सिर्फ भूमि विवाद नहीं बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। महिलाओं के साथ बच्चे भी चौक पर धरना देकर बैठे हुए हैं। विरोध स्थल पर बैनर, तख्तियां, रोष भी है। धरने पर मौजूद बच्चे स्कूल बैग और किताबें गोद में रखे बैठे हैं। महिलाओं के मुताबिक पढ़ाई, भविष्य, सुरक्षा सब कुछ तबाह कर नगर निगम किसके लिएं गार्डन बनाना चाह रहा है। वार्ड के कांग्रेस पार्षद




लिंगियाडीह चौक पर धरना प्रदर्शन करती दुर्गा नगर वार्ड की महिलाएं।

दिलीप पाटिल का कहना है कि निगम का उद्देश्य विकास नहीं, बल्कि कमजोर तबके को हटाने की नीति है। धरने पर यशोदा पाटिल, परमिला ध्रुव, अनिता ध्रुव, नंदनी ध्रुव, आरती श्रीवास, मालती यादव, रामबाई माजिपी, शीला सिंह, सीता साहू, संगीता भादव, जयकंवर अहिरवार, अजनी रजक, कल्याणी यादव, मोगरा यादव, बाई चौहान, पिल्ली बाई, मालती मानिकपुरी, अनुपा श्रीवास, जानकी गोड़, कुमारी मानिकपुरी, संतोषी श्रीवास, रामवाई मानिकपुरी, खोरबहारिन यादव, सवित्ती यादव, भरजीना बेगम, नीरा सेन, लीला भोई, आरती सूर्यवंशी, मथुरी सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं बैठीं हैं।

आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस और न्यायपूर्ण निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन अनवरत जारी रहेगा।

### स्थायी पट्टा मिला और ना सुरक्षा की गारंटी

धरना दे रहीं महिलाओं ने बताया कि यह भूमि (लगभग 2.46 एकड़) पहले ही आबादी भूमि घोषित की जा चुकी थी। 2019 में छत्तीसगढ़ सरकार ने निर्णय लिया था कि निगम की भूमि पर बसे नागरिकों को पट्टा दिया जाएगा। इसके बाद भूमि का सर्वे हुआ और अतिरिक्त तहसीलदार ने पट्टाधारियों की सूची तैयार की। लोगों ने 10 रुपए प्रति वर्गफुट के हिसाब से प्रीमियम राशि भी निगम को जमा की। इसके बावजूद, न तो उन्हें स्थायी पट्टा मिला और न ही सुरक्षा की गारंटी। उल्टे अब निगम तोड़फोड़ की कार्रवाई कर रहा है। निवासियों का आरोप है कि नगर निगम अब तक 113 मकानों को तोड़ चुका है। पार्क और कॉम्प्लेक्स बनाने के नाम पर नई कार्रवाई शुरू की गई है। इससे पहले भी लगभग चार माह पूर्व सड़क चौड़ीकरण के नाम पर भी 150 से अधिक मकान और दुकानें तोड़ी गई थीं।

### मकान तोड़ने पर रोक लगाने की मांग

धरने पर बैठीं महिलाओं ने बताया कि इन कार्रवाइयों से गरीब परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई लोग आज भी अस्थायी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रशासन हर महीनों में नए नाम से कुछ ना कुछ कार्रवाई की जा रही है। कभी सड़क चौड़ीकरण, कभी नाली निर्माण, कभी कॉम्प्लेक्स या पार्क विकास के नाम पर जीना हराम कर दिया गया है। इससे पूरे क्षेत्र में असमंजस और भय का माहौल बना हुआ है। कलेक्टर और निगम कमिश्नर को सौंपे ज्ञापन में स्थानीय निवासियों ने दो प्रमुख मांगें रखी हैं। इसमें प्रस्तावित मकान तोड़ने की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और निर्दोष गरीब परिवारों को राहत मिल सके।

**सूझबूझ से बची करोड़ों की संपत्ति**

# जान जोखिम में डाल टाला भीषण अग्निकांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ मसीहा बनकर आए टीम आग़ाज़ इंडिया फाउंडेशन के शाहरुख और रोमी

आज शहर में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जिसका पूरा श्रेय दो जांबाज सामाजिक कार्यकर्ताओं, शाहरुख अली और रोमी भास्कर को जाता है। अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे इन दो युवाओं ने न केवल इंसानियत का फर्ज निभाया, बल्कि अपनी त्वरित सूझबूझ और अदम्य साहस से एलआईसी ऑफिस के पास लगी भीषण आग को एक बड़ी त्रासदी में बदलने से रोक लिया। जानकारी के अनुसार शाहरुख अली और रोमी भास्कर अपने दैनिक कार्य करने क्षेत्र से गुजर रहे थे। तभी उनकी नजर एलआईसी ऑफिस के समीप अचानक भड़की भीषण लपटों पर पड़ी। आग इतनी विकराल थी कि देखते ही देखते उसने आस-पास के घेरे को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया था। मूकदर्शक बनने के बजाय, शाहरुख और रोमी ने तुरंत मोर्चा संभाला। बिना अपनी सुरक्षा की परवाह किए, दोनों युवाओं ने पास में उपलब्ध बाल्टियों से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। हालाँकि आग का तांडव इतना ज्यादा था कि अकेले बुझाना मुमकिन नहीं था, लेकिन उनके इस शुरुआती संघर्ष ने आग को फैलने की गति को धीमा कर दिया। जब लपटें बेकाबू होने लगीं, तब बिना



समय गंवाए शाहरुख और रोमी ने डायल 112 और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुँचीं और आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि इन दोनों युवाओं ने समय रहते सक्रियता न दिखाई होती, तो एलआईसी जैसे महत्वपूर्ण कार्यालय और आसपास की इमारतों को भारी नुकसान पहुँच सकता था। शाहरुख अली और रोमी भास्कर के इस साहसिक कार्य की पूरे क्षेत्र में चर्चा है। लोगों का कहना है कि आज के दौर में जहाँ लोग हादसों का वीडियो बनाने में व्यस्त रहते हैं, वहीं इन दोनों हीरोज़ ने अपनी जान की परवाह न कर समाज सेवा की एक नई मिसाल पेश की है। प्रशासन और स्थानीय नागरिकों ने दोनों युवाओं के इस जांबाजी को सलाम किया है।

## यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए निजी बसों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाल ही में देश के अन्य राज्यों में हुई बस दुघर्टनाओं से सबक लेकर परिवहन विभाग के टीम ने यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए निजी बसों की जांच कर कार्रवाई की है। इस दौरान 13 बसों से 12 हजार 600 रूपए की वसूली भी की गई है।

आरटीओ फ्लाइंग स्काड टीआई महेश साहू ने बताया कि परिवहन आयुक्त के निर्देश के अनुसार सड़क सुरक्षा सप्तांह में कार्रवाई की गई है। इस दौरान भोजपुरी, रतनपुर, मस्तुरी, नया बसस्टैंड जैसे जगहों पर करीब 48 से अधिक बसों पर जांच की गई है। वहीं 13 बसों में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर मिली कमियों को देखतें हुए समन शुल्क की वसूली गई। वहीं अन्य बसों के चालक और संचालकों को यात्री बसों में अग्निशामक यंत्र, प्राथमिक उपचार पेटी, इमरजेंसी एक्जिट गेट, परिचालक लाइसेंस व अन्य



दस्तावेजों को दुरूस्त रखने की हिदायत दी गई। इस दौरान मोयर यान अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई है। टीआई श्री साहू ने बताया कि आने वाले दिनों में सड़क पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीआई महेश साहू, टीआई नितिन सिंह, सहित अन्य परिवहन अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## वन भूमि पर अवैध उत्खनन करते जब्त किए गए दो ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विकास निगम ने गश्ती के दौरान मुखबिर की सूचना पर वन भूमि के क्षेत्र में अवैध उत्खनन करते दो ट्रैक्टर को जब्त किया है, जिसमें रखी लकड़ी और अन्य सामानों को छोड़कर आरोपी फरार हो गए हैं। विभाग ने फरार आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए खोजबीन शुरु कर दी है।

वन विकास निगम के क्षेत्रीय महाप्रबंधक अभिषेक सिंह और मंडल प्रबंधक सत्यदेव शर्मा ने वन भूमि के क्षेत्र में मुरुम, रेत की खोदाई सहित अवैध उत्खनन को रोकने का आदेश जारी किया है। अधिकारियों के निर्देश पर परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी वैभव साहू, सहायक परियोजना क्षेत्रपाल अरूण कुमार सिंह, क्षेत्ररक्षक चंद्रकांत



■ वन विकास निगम की कार्रवाई, लकड़ी छोड़कर फरार हो गए आरोपी

साय, नियमित चौकीदार बलदाऊ सिंह मरावी, नैनसिंह एवं रोपण सुरक्षा श्रमिक परिक्षेत्र भैंसाझार के कर्मचारी पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि कोटा परियोजना मण्डल के तेंदुआ कक्ष क्रमांक पी 128 में अवैध उत्तखनन किया जा रहा है। सूचना पर वन विकास निगम की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही आरोपी गाड़ी को छोड़कर फरार हो गए। टीम ने मौके से सागौन का लट्ठा चार नग सहित गाड़ी जब्त की। इसके उपरांत टीम ने सूचना पर रिजर्व फारेस्ट क्षेत्र क्रमांक 172 में नाले से अवैध रूप से रेत उतखनन और अरूण रूप से मिट्टी की खोदाई व परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर सीजी 04 डीटी 8490 सहित आरोपी सराईपाली निवासी ओमप्रकाश मरावी पिता पवनसिंह मरावी और बुधराम सिंह मरकाम पिता भगवान सिंह मरकाम के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 1ख के तहत अपराध दर्ज किया है।

# पीछा व गाली गलौज करने से नाराज होकर की थी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चाकू गोदकर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक युवती समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया

■ तीनों ने मिलकर पहले की मारपीट फिर मारा पेट में चाकू, युवती समेत तीन गिरफ्तार

■ घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद

है। आरोपियों ने पीछा करने के साथ ही गाली गलौज किए जाने से नाराज युवती ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और फिर आरोपी युवक ने चाकू गोदकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकले। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद करने के साथ ही आरोपियों को जेल भेज दिया है।

बता दें कि 10 जनवरी की सुबह गांधीनगर डेयरी फार्म रोड में एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। घटना की



सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान सुभाषनगर निवासी 46 वर्षीय बबलू मंडल आ. तिवारी लाल मंडल के रूप में की गई थी। प्रारंभिक जांच में ही मृतक के गले में किसी धागे से खींचने के निशान व पेट में चाकू मारकर हत्या किए जाने की बात सामने आई थी। वहीं चाकू मारकर हत्या किए जाने का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। ऐसे में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों व सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस व साइबर सेल की टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस मूलतः बलरामपुर केनापारा हाल मुकाम सुभाषनगर निवासी 20 वर्षीय सुमित एक्का आ. धरम देव एक्का, मुक्तिपारा गांधीनगर निवासी 22 वर्षीय प्रमोद तिवारी उर्फ टक्कु आ. स्व. भीम तिवारी व गांधीनगर सोनी मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय सुष्मिता हरिला उर्फ सोनिया पति शुभम विश्वास को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में आरोपी सुमित ने पुलिस को बताया की सोनिया से उसकी पहचान 4-5 साल पहले हुई थी और वह उसे मुंह बोली बहन मानता है। सोनिया ही सुमित की पहचान प्रमोद तिवारी से कराई थी और तीनों का आपस में अक्सर मिलना जुलना होते रहता था। घटना दिवस की रात खाना खाने के बाद आरोपी सुमित एक्का और सोनिया सोने के लिए अपनी किसी महिला मित्र के कमरे में चले गए लेकिन कमरे में ताला लगा होने के कारण दोनों ने ताला तोड़ना शुरू कर दिया। ताला तोड़ने पर मकान मालिक मौके पर पहुंच गया जिसके बाद उनके बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर मृतक बबलू मंडल भी मौके पर आया और सुमित व सोनिया से गाली गलौज करने के साथ ही धमकी देने गया जिसके बाद सुमित और सोनिया वहां से निकल गए। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, सउनि धनंजय पाठक, प्रधान आरक्षक अमित प्रताप सिंह, विकास सिन्हा, भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक अरविंद आदि सक्रिय रहे।

### पीछा करते हुए पहुंचा था मृतक

पुलिस ने अनुसार विवाद के बाद मृतक बबलू मंडल आरोपी सोनिया और सुमित का पीछा करने लगा और घटना स्थल डेयरी फार्म रोड पहुंचा। इस दौरान बबलू ने सोनिया को गाली देना शुरू कर दिया और किसी अन्य व्यक्ति को बुलाने लगा ऐसे में सोनिया ने भी अपने मित्र प्रमोद तिवारी को बुला लिया। कुछ ही देर में प्रमोद तिवारी मौके पर आया जिसके बाद तीनों ने पकड़कर बबलू मंडल की पिटाई शुरू कर दी और मारपीट के दौरान सुमित ने अपने पास रखे चाकू से मृतक के पेट पर वार किया जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर गया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों डरकर मौके से भाग निकले और घटना में प्रयुक्त चाकू को प्रिसेंस कॉटेज के समीप कचरे के ढेर में फेंक दिया।



## व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अवैध रूप से भंडारित 460 क्विंटल धान जब्त

**अंबिकापुर।** सरगुजा में अवैध रूप से धान की तस्करी व भंडारण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में संयुक्त टीम ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अवैध रूप से भंडारित किए गए धान के खिलाफ कार्रवाई की है। अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई के दौरान 460.80 क्विंटल धान जब्त किया है। बता दें कि जिले में अवैध धान संग्रहण एवं कारोबार पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध धान के प्रकरण दर्ज कर धान जब्ती की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करते हुए संग्रहित धान पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध प्रकरण बनाया गया। जांच में हनुमंत ट्रेडर्स, असोला से 288 क्विंटल, केसरवानी ट्रेडर्स, परसा से 116 क्विंटल तथा विकास ट्रेडर्स, सोनपुरकला से 56.8 क्विंटल धान जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 460.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। खाद्य विभाग एवं मंडी टीम द्वारा मौके पर दस्तावेजों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की गई तथा जब्त धान को सुरक्षित अभिरक्षा में लिया गया।

## खबर संक्षेप



### शिवभक्ति का विराट संगम शिवालयों में गूंजा महामृत्युंजय मंत्र

**कोरबा।** सनातन आस्था, राष्ट्रीय स्वाभिमान और सांस्कृतिक चेतना के अमर प्रतीक विश्व प्रसिद्ध सोमनाथ महादेव मंदिर के 1 हजार वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा वर्ष 2026 को सोमनाथ स्वाभिमान स्मृति वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा जिला संगठन के आह्वान पर 10 जनवरी को कोरबा जिले में श्रद्धा, भक्ति और स्वाभिमान से ओत-प्रोत भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। संगठन के निर्देशानुसार जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख शिव मंदिरों में विधिवत जलाभिषेक कर महामृत्युंजय मंत्र का पाठ किया तथा सनातन संस्कृति के गौरव प्राचीन एवं अलौकिक सोमनाथ मंदिर का स्मरण कर भगवान शिव के चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इसी कड़ी में रविशंकर नगर स्थित श्री कपिलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। यहां उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी एवं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत की उपस्थिति में भगवान शिव का दर्शन, जलाभिषेक एवं महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप किया गया। कार्यक्रम के दौरान सनातन परंपरा, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय स्वाभिमान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया गया।

### रेलवे लाइनों के आसपास पतंगबाजी ना करने की अपील

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत शत-प्रतिशत रेल परिचालन 25,000 वोल्ट की हाई वोल्टेज विद्युत ओवरहेड तारों के माध्यम से किया जाता है। इन विद्युत तारों में 24 घंटे निरंतर विद्युत प्रवाह बना रहता है, जिससे किसी भी प्रकार की असावधानी जानलेवा साबित हो सकती है। रेलवे प्रशासन आमजन को सचेत किया है कि यदि पतंग का मांझा इन हाई वोल्टेज विद्युत तारों में उलझ जाता है, तो विद्युत करंट सीधे पतंग उड़ाने वाले व्यक्ति तक पहुंच सकता है, जिससे गंभीर दुर्घटना या जनहानि की आशंका रहती है। मंडल रेल प्रशासन विशेष रूप से मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर सभी नागरिकों से अपील किया है कि रेलवे लाइनों, स्टेशन परिसरों एवं ओवरहेड विद्युत तारों के आसपास पतंगबाजी से पूर्णतः परहेज करें। यह न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे रेल परिचालन में संभावित बाधा, ट्रेनों के विलंब एवं यात्री सेवाओं में व्यवधान को भी रोका जा सकता है।

### निगम की टीम पहुंची थी बेजाकब्जा हटाने पार्षद के साथ गाली-गलौच, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** नगर निगम के भाजपा पार्षद को भला-बुरा कहते हुए बलात्कार में फंसा देने की धमकी दी गई। सरकारी जमीन पर बेजा कब्जा हटाने पहुंचे निगम अमले की कार्रवाई का गुस्सा पार्षद को झेलना पड़ा। जानकारी के अनुसार मुताबिक लक्ष्मण श्रीवास वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद हैं। उनके मोहल्ले में निवासरत महिला एवं उसका पुत्र जीतू राठौर के द्वारा हास्पिटल की जगह एवं गली में अवैध कब्जे किया जा रहा है। जिस पर निगम के द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध कब्जा तोड़ने 9 जनवरी को कार्रवाई हुई थी। तब उक्त दोनों के द्वारा पार्षद श्रीवास को गाली-गलौच करते हुए जान से मार देने एवं बलात्कार जैसे संगीन अपराध में झूठा फंसा देने की धमकी देते हुए पूरे मोहल्ले के सामने अपमानित किया। बोलने लगे कि तुम पार्षद हो, हमारे वोट से ही पार्षद बने हो और हमारा घर निगम के द्वारा तोड़ा जा रहा है और तुम कुछ कर नहीं रहे हो। तुम्हारी औकात क्या है हम देख लेंगे, कहते हुए घोर अपमानित किया गया। पार्षद एवं मोहल्ले वासियों को अपमानित महसूस हुआ जिसके संबंध शिकायत पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 296-, 3(5), 351 (3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### सभी विवाहों का पंजीयन अनिवार्य

**कोरबा।** शासन के निर्देशानुसार 29 जनवरी 2016 के बाद संपन्न हुए सभी विवाहों का पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। जिन दंपतियों ने अब तक विवाह पंजीयन नहीं कराया है, उन्हें शीघ्र ही यह प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की गई है। विवाह पंजीयन के लिए आवेदक पति-पत्नी को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पीएम आवास...

पंचायत कोरबा की पीएम आवास कार्य की समीक्षा शुरु की तो चौंकाने वाले मामले सामने आए। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति शून्य पाए जाने एवं लापरवाही बरतने के मामले को लेकर आवास शाखा का काम देखने वाले जनपद कोरबा के 9 कर्मचारियों के वेतन आहरण पर तत्काल रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। इससे उन कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है जिनके द्वारा आवास शाखा के काम को लेकर गंभीरता नहीं बरती जा रही थी। इन 9 कर्मचारियों के अलावा 11 कर्मचारियों को नोटिस थमा दी गई है। ये वो कर्मचारी हैं जो बैठक में उपस्थित ही नहीं हुए। इनमें 7 ग्राम सचिव एवं 11 रोजगार सहायक सहित कुल 18 कर्मचारी शामिल हैं।

# श्रीराम श्रद्धा सेतु के भक्तों का कारवां आज जाएगा अयोध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

3 करोड़ 33 लाख 33 हजार राम नाम लेखन के निर्धारित लक्ष्य से भी कहीं ज्यादा संख्या में कोरबा जिले के लोगों ने राम नाम को अंकित किया है। अयोध्या में निर्मित श्रीराम मंदिर के द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में इस अभियान को हाथ में लिया गया। 3 लाख ऐसी पुस्तकों को अयोध्या भिजवाने के लिए श्रीराम श्रद्धा सेतु यात्रा 12 जनवरी को शुरू होगी। इसे लेकर युवाओं में काफी उत्साह है।

अलग खबर

12 जनवरी को कोरबा से सुबह 9 बजे भक्तों का कारवां अयोध्या के लिए रवाना होगा। कुछ क्षेत्रों के राम भक्त जमनीपाली एनटीपीसी गेट होते हुए कटघोरा पहुंचेंगे। गोपालपुर के आगे सड़क सुधार के कारण इस रास्ते को डायवर्ट किया गया है। बताया गया कि स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर सुबह 10.30 बजे कटघोरा के मेला ग्राउंड में एकत्रीकरण और पंजीकरण के बाद 11.15 से 12.45 तक युवा सम्मेलन होगा। दोपहर भोजन के बाद 2 बजे 500 बाइक में युवा और दो अन्य वाहनों में राम नाम लेखन पुस्तिका एवं कोरबा से अयोध्या के बीच की व्यवस्थाओं को देखने वाली टीम शामिल होगी।

### राम नाम लेखन पुस्तिकाएं होंगी समर्पित

**खास बातें**

- लक्ष्य से ज्यादा राम नाम को किया गया अंकित
- एनटीपीसी गेट से कटघोरा पहुंचेंगे भक्त



बताया गया कि कटघोरा से प्रस्थान के बाद मोरगा में 20 मिनट के अल्प विश्राम के बाद रात्रि 8 बजे श्रद्धालु अंबिकापुर पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। 13 जनवरी को सुबह 7.15 बजे जलपान होगा और 8 बजे वाराणसी के लिए उनकी रवानगी होगी। दोपहर 1 बजे यूपी के मुर्धवा मोड़ में भोजन और सुकृत मिर्जापुर में अल्प विश्राम के बाद शाम 7 बजे ये सभी वाराणसी में होंगे। यहां इनका रात्रि विश्राम होगा। 14 जनवरी को 6 बजे जलपान के बाद 7 बजे अयोध्या के लिए रवानगी होगी। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि जो समय सारिणी तय की गई है उसके अंतर्गत इसी दिन दोपहर 12 बजे अयोध्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज होगी। दोपहर ढाई बजे भोजन के बाद 3.30 बजे रामलला के दर्शन होंगे। इसी कड़ी में राम नाम लेखन पुस्तिकाएं पूजा अर्चना के साथ समर्पित की जाएगी। रात्रि विश्राम के साथ 9 बजे परिचय सत्र होगा। 15 जनवरी को अयोध्या से सुबह 7.15 बजे जलपान के बाद यह कारवां रेणुकूट के लिए प्रस्थान करेगा। जौनपुर में दोपहर भोजन के बाद 7 बजे इनकी रेणुकूट में उपस्थिति और रात्रि विश्राम तथा अगले दिन ये कोरबा में होंगे। कोरबा में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु 700 किमी की यात्रा पर जा रहे हैं, वह भी दोपहिया से। जनवरी महीने में सड़क सुरक्षा अभियान कोरबा सहित सभी जिलों में चल रहा है इसलिए श्रीराम श्रद्धा सेतु यात्रा के आयोजकों ने इसे गंभीरता से लिया। बताया गया कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से दोपहिया के सभी चालक और सहयात्री के लिए हेलमेट को अनिवार्य किया गया है।

### अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ प्रतिनिधि मण्डल को चर्चा के लिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय का आमंत्रण

# अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ की औद्योगिक इकाई अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल को केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने विद्युत संशोधन बिल 2025 पर दिये गए सुझावों पर विस्तृत चर्चा के लिए 12 जनवरी की शाम 4 बजे आमंत्रित किया है।

अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ की ओर से संगठन के अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री मधुसूदन जोशी एवं महामंत्री डी.राज मुरुगन बैठक में शामिल होकर विद्युत संशोधन बिल 2025 की विभिन्न खामियो पर देश भर के विद्युत उद्योग में पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों व कर्मचारी हितो के संबंध में संघटन का पक्ष रखते हुये सुधार की मांग रखेंगे। महासंघ ने इस बैठक में शामिल होने हेतु केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय को अपनी सहमति पत्र भी भेज दी है। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के प्रांतीय महामंत्री नवरतन बरेठ ने कहा कि अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक गत 9 व 10 जनवरी को तेलंगाना राज्य के हैदराबाद में संपन्न हुआ, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरता से विचार विमर्श किया गया। इससे पूर्व 13 नवंबर 2025 को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ हुई वार्ता के दौरान प्रस्तावित इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2025 पर अपनी आपत्तियां स्पष्ट रूप से रखते हुए संसोधन की जोरदार ढंग से मांग करते हुए चर्चा के लिए अलग से समय देने की मांग की गयी थी। इसी परिपेक्ष में आगामी 12 जनवरी का दिन चर्चा के लिए समय प्रदान किया गया है। अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ उन सभी प्रावधानों का विरोध करता है, जो विद्युत क्षेत्र में निजीकरण को बढ़ावा देते हैं, विद्युत जैसे संवेदनशील उद्योग में निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने से देश हित को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है जो कि अंततः जनता को महंगी बिजली प्रदान करने वाला साबित हो सकता है। साथ ही इस क्षेत्र के कामगारों के हितो पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने का खतरा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। महा संघ केंद्र सरकार से मांग करता है कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 में निहित प्रावधान के सेक्शन 133 के तहत विद्युत कामगारों की सेवा शर्तों को संरक्षित करने के लिए त्रिपक्षीय अनुबंध किया जाना अनिवार्य करते हुए सभी प्रदेश सरकारो को निर्देश जारी किया जाए। महासंघ द्वारा यह भी मांग किया गया है कि वर्ष 2019 में केंद्र सरकार द्वारा जाइंट वेंचर के तहत एन टी पी सी और पावर ग्रिड द्वारा गठित केन्द्रीय विद्युत वितरण निगम को सभी राज्यो में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जाएं। राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश से विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, श्रीमती पूर्णिमा साहू सहित रायपुर से हरीश चौहान, अरुण देवांगन एवं श्रीमती रीता बघेल शामिल हुए।



कार्यक्रम में उपस्थित मजदूर संघ के पदाधिकारी।

# कटघोरा उपजेल में 6 दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग योग शिविर का हुआ आयोजन



जेल में योग करते कैदी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

उपजेल में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा 6 दिवसीय योग एवं ध्यान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य कैदियों को मानसिक तनाव, नकारात्मक सोच और अपराधबोध से मुक्त कर सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का संचालन सुनील सिंघानिया के मार्गदर्शन में किया गया। योग शिविर के दौरान कैदियों को प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया, ध्यान एवं योगासन का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर सुनील सिंघानिया ने कहा कि सोच बदलने से जीवन बदल सकता है। कैदियों ने शिविर को उपयोगी बताते हुए मानसिक शांति और आत्मविश्वास में वृद्धि की बात कही। जेल प्रशासन ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने किया लायंस क्लब के प्रोजेक्ट का अवलोकन



अतिथियों का सम्मान करते लायंस क्लब के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल की अधिकारिक यात्रा 10 जनवरी को लायंस स्कूल टीपी नगर में आयोजित किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया एवं लायंस क्लब द्वारा संचालित सभी परमानेंट प्रोजेक्टों का अवलोकन कराते हुए लायंस स्कूल में मंचीय कार्यक्रम किया गया। क्लब के एलबम एवं स्क्रेप बुक का अवलोकन किया गया। श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में क्लब द्वारा संचालित सभी परमानेंट प्रोजेक्टों एवं वर्षभर की गयी सेवा गतिविधियों की भूरी-भूरी प्रशंसा किये।

**खास बात**

- लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की अधिकारिक यात्रा एवं पूर्व प्रांतपाल व पूर्व क्लब अध्यक्षों का सम्मान समारोह

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में डीडीएम रोड स्थित होटल कावेरी में पूर्व प्रांतपाल एवं पूर्व क्लब अध्यक्षों का सम्मान समारोह रात्रि 8 बजे रखा गया। उक्त सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य के रुप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल, साथ ही पीएमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल पीएमसीसी, एमजेएफ लायन एम.डी. माखीजा पूर्व प्रांतपाल, रीजन चेयरमेन एमजेएफ लायन एस.के. अग्रवाल, जोन चेयरमेन एवं अध्यक्ष एमजेएफ लायन रोहित राजवाड़े उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से सम्मान कर लायन मेल्विन जोन्स के तैल्यचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूर्व प्रांतपाल एवं सभी पूर्व क्लब अध्यक्षों की सफलता, कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन व सहयोग के लिए मोमेन्टों, श्रीफल एवं माला से पूर्व प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल, पूर्व क्लब अध्यक्ष ला. आनंद प्रसाद जायसवाल, ला. पदमसिंह चंदेल, ला. सत्येन्द्र वासन, ला. राधेश्याम बंसल, ला. रामगोपाल डिक्सेना, एमजेएफ ला. एस.के. अग्रवाल, एमजेएफ ला. अशोक मोदी, एमजेएफ ला. राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), पीएमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल, लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव), लायन कामायनी दुबे, लायन मीना सिंह, एमजेएफ लायन रोहित राजवाड़े जी को सम्मानित करने का गौरव कोरबा क्लब को प्राप्त हुआ। इस सम्मान समारोह में सभी सदस्यों ने उपस्थित होकर क्लब का मान बढ़ाया।

# निगम के संसाधन बेड़े में शामिल हुए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 2 मोबाइल बायो टॉयलेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के संसाधन बेड़े में वाहन चलित अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस 2 नग मोबाइल बायो टॉयलेट को शामिल किया गया है। शनिवार को प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने फीता काटकर उक्त दोनों मोबाइल बायो टॉयलेट को लोकार्पित किया।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री एवं महापौर ने किया लोकार्पण

नगर निगम द्वारा जन सेवाओं व सुविधाओं की दिशा में लगातार किए जा रहे विविध कार्यों के साथ-साथ इन सुविधाओं की बेहतरी हेतु अपने संसाधनों को भी लगातार अपडेट किया जा रहा है तथा संसाधनों में वृद्धि की जा रही है। इसी कड़ी में निगम द्वारा 21 लाख 58 हजार रुपए की लागत से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस दो नग मोबाइल बायो टॉयलेट को क्रय कर अपने संसाधन बेड़े में शामिल किया गया है। शनिवार को नगर निगम के केंद्रीय भंडार गृह में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन व महापौर श्रीमती राजपूत ने फीता काटकर इन मोबाइल टॉयलेट का लोकार्पण किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वरिष्ठ नेत्री रुक्मणी नायर, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरुआ, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, नरेंद्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव अभय मिंज सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



शुभारंभ अवसर पर उपस्थित उद्योग मंत्री एवं अन्य।

### जन सुविधाओं की बेहतरी के लिए दृढ़ संकल्पित है निगम

महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि नगर निगम निगम क्षेत्र की जनता जनार्दन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु दृढ़ संकल्पित है एवं इस दिशा में निगम द्वारा लगातार कार्य किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव एवं कोरबा के विधायक व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन का लगातार मार्गदर्शन व आशीर्वाद सुविधाओं की बेहतरी के लिए निगम को प्राप्त हो रहा है।

### नगर निगम का सराहनीय कार्य

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि नगर निगम कोरबा द्वारा क्षेत्र की जनता जनार्दन को विविध नागरिक सेवाएं व सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा ह। इसी कड़ी में आज दो नग अत्याधुनिक सुविधा से लैस चलित शौचालय निगम के संसाधन बेड़े में शामिल किए गए हैं। निगम का यह कार्य निश्चित रूप से अत्यंत सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन ने देश में स्वच्छता व साफ-सफाई के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है।

## कलचुरी पब्लिक स्कूल श्री रामलला प्राणप्रतिष्ठा का हुआ आयोजन

**कोरबा।** कलचुरी पब्लिक इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल झाबर दीपका में शनिवार को चरक टीम धर्म संवाहक समिति द्वारा श्री राम लला प्राणप्रतिष्ठा का आयोजन देव सरोवर प्रगति नगर में किया गया। जिसमें विद्यालय के संचालक भौनेन्द्र कुमार डहरवाल एवं प्राचार्या प्रतिभा यादव एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं ने भी शंखनाद, रंगोली प्रतियोगिता, दीप प्रज्वलित करने वाले सभी छात्र छात्राओं को चरक टीम धर्म संवाहक समिति के सदस्य सत्यप्रकाश मिश्रा, लक्ष्मण वैष्णव, प्रशांत मिश्रा, मनोज गुप्ता, अजय सोनी, संदीप शुक्ला द्वारा विद्यालय के संचालक भौनेन्द्र कुमार डहरवाल एवं प्राचार्या प्रतिभा यादव, स्मिता पटेल एवं दीप्ति महंत को श्री भागवत गीता एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। शंखनाद रंगोली प्रतियोगिता, दीप प्रज्वलित करने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं तुलसी माला और रूद्राक्ष माला से सम्मानित किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं उप प्राचार्य- चिरंजीव कुमार कैवर्त, दिप्ती महंत, कविता महंत, रश्मि एक्का, राधिका साहु , वीणा बरैठ, शीतल कौर, स्मिता पटेल, शांता कंवर, कौशिल्या कंवर, लीला देवांगन, कविता डहरवाल , रामिन यादव , मुकेश कुमार तिवारी, माया प्रसाद, सोनल यादव एवं विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

### कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि

# शास्त्री थे सच्चे गांधीवादी, अपना सारा जीवन सादगी में बिताया: महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शास्त्री जी सच्चे गांधीवादी थे, जिन्होंने अपना सारा जीवन सादगी से बिताया और गरीबों की सेवा में लगाया। भारत के दूसरे प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दौरान कई बार जेल जाना पड़ा था। श्री शास्त्री, नेहरू के मंत्री मण्डल में गृहमंत्री के प्रमुख पद पर भी रहे और नेहरू जी के निधन पश्चात भारत के प्रधानमंत्री भी बने।

उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत ने गांधी चौक में आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री के पुण्यतिथि कार्यक्रम के दौरान कही। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि 8 अगस्त 1942 की रात महात्मा गांधी ने अंग्रेजों को भारत छोड़ो और भारतीयों को करो या मरो का नारा दिया, जिसे 9 अगस्त 1942 के दिन शास्त्री जी ने इलाहाबाद पहुंचकर इस आंदोलन के गांधीवादी नारे को चतुराई पूर्वक मरो नही मारो में बदल दिया और अप्रत्याशित रूप से क्रांति की दावानल को पूरे देश में प्रचण्ड रूप दे दिया। 11 दिनों बाद 19 अगस्त 1942 को शास्त्री जी गिरफ्तार हो गये थे। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में स्व.लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि शास्त्री जी का राजनैतिक क्रियाकलाप सैद्धांतिक के साथ-साथ पूर्णतः व्यवहारिक और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप था। शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा दिया। इस नारा ने भारत के किसानों और जनता का मनोबल बढ़ाया और सारा देश एकजूट हो गया। पूर्व विधायक मोहित केरकट्टा ने कहा कि शास्त्री जी को उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिए आज भी पूरा भारत देश श्रद्धापूर्वक याद करता है। पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने कहा कि शास्त्री जी के सादगी व साफ सुथरी छवि के कारण उन्हे देश का प्रधानमंत्री पद के निर्वहन करने का दायित्व प्राप्त हुआ। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि शास्त्री जी शांतिपूर्ण विकास में विश्वास रखते थे और देश के प्रति निष्ठा को ही पूर्ण निष्ठा मानते थे। इस दौरान पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, हरीश परसाई, श्रीमती कुसुम द्विवेदी, सपना चौहान, श्याम सुंदर सोनी, मुकेश राठौर, मनोज चौहान, मो.शाहिद, दुष्यंत शर्मा, संतोष राठौर, मनीष शर्मा, रवि चंदेल, नारायण कुर्रे, बद्री किरण, पुष्पा पात्रे, शांता मंडावे, संगीता श्रीवास, द्रोपती तिवारी, दिनेश सोनी, कुंजबिहारी साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### किशन बनाये गए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी कोरबा जिला के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष,पूर्व भाजपा जिला मंत्री बरपाली निवासी किशन अग्रवाल को भारतीय जनता पार्टी ने उनके उपर विश्वास जताते हुए छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया है। श्री अग्रवाल लंबे समय से भाजपा के विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति नवीन दायित्व के लिए आभार जताया है।

## खबर संक्षेप

### अय्यप्पा स्वामी की शोभायात्रा के साथ मनाई जाएगी मकर संक्रांति

**कोरबा।** 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व जिले में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। विशेष रूप से मलयाली समाज द्वारा मनाई जाने वाली मकर विलक्कु पूजा लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस अवसर पर श्री अय्यप्पा स्वामी की मंगल थाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी। शोभायात्रा सीतामढ़ी से टीपी नगर होते हुए सुभाष ब्लॉक स्थित अय्यप्पा मंदिर तक पहुंचेगी। पूरी यात्रा केरल की पारंपरिक संस्कृति, वेशभूषा और आस्था की झलक पेश करेगी। ज्योतिषीय दृष्टि से भी यह मकर संक्रांति विशेष मानी जा रही है। ज्योतिषियों के अनुसार इस दिन षट्तिला एकादशी का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो वर्षों बाद पड़ रहा है। साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और अनुराधा नक्षत्र का संयोग पर्व की शुभता को और बढ़ाएगा। ज्योतिष गणना के अनुसार सूर्य का मकर राशि में प्रवेश दोपहर 3:13 बजे होगा, जबकि पुण्यकाल शाम 5:46 बजे तक रहेगा। हालांकि मकर संक्रांति का पर्व सूर्योदय से ही मान्य रहेगा। इस दौरान स्नान, सूर्योपासना, व्रत, भगवान विष्णु की पूजा तथा तिल, गुड़, खिचड़ी और कंबल दान की परंपरा है। मान्यता है कि इन वस्तुओं के दान से दोगुना पुण्य प्राप्त होता है। ज्योतिषी पं. विवेकशील पाण्डेय के अनुसार मकर संक्रांति प्रमुख सौर पर्व है, जब सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं। सूर्य का अपने पुत्र शनिदेव की राशि मकर में प्रवेश करना कई राशियों के लिए शुभफल देने वाला माना गया है।

### सीएमडी से अरुणीश ने की भेंट, कोयलांचल क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत



**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में सीएमडी हरीश दुहन से वरिष्ठ भाजपा नेता पार्षद पीआईसी प्रभारी अरुणीश तिवारी ने भेंटकर क्षेत्र की कुछ ज्वलंत समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षण कराते हुए एसईसीएल के मेगा प्रोजेक्ट गेवरा एवं दीपिका परियोजना में एक केंद्रीय विद्यालय स्थापना की पुरानी मांग को दोहराते हुए कहा कि इस कोयलांचल क्षेत्र में इस स्तर के एक विद्यालय की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही है जिसके स्थापना से जहां एसईसीएल कर्मचारी के पुत्र पुत्री को लाभ मिलेगा। वहीं दूसरी ओर आसपास के भूविस्थापित परिवारों को भी लाभान्वित किया जा सकेगा। इस संबंध में पूर्व में केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी को भी ज्ञापन दिया जा चुका है। चर्चा के दौरान सीएमडी श्री दुहन ने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि हमारा प्रयास जारी है आने वाले समय में सुखद परिणाम मिलने की पूरी संभावना है भेंट वार्ता के दौरान अरुणीश तिवारी ने कहा कि एसईसीएल के ठेका कार्यों में प्रतिस्पर्धा के इस दौर में लगातार गिरावट आ रही है जिसका सबसे बड़ा कारण यह है कि लोग ठेका प्राप्त करने के इस प्रतिस्पर्धा में इतना बिलो रेट में काम ले लेते हैं की एस्टीमेट के अनुरूप काम करना उनके लिए संभव नहीं है मसलन 5 लाख के काम को 50 से 60 प्रतिशत बिलो रेट में डेढ़ लाख और 2 लाख में लेकर आ जाएंगे। लिहाजा किसी ऐसे नीति का निर्धारण करना चाहिए की एक सीमा रेखा रहे जिससे नीचे जाकर कोई भी ठेकेदार या ठेका एजेंसी कार्य न ले सके। चर्चा के दौरान अरुणीश तिवारी के साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश तदवानी एवं श्रीकांत सोनकर उपस्थित थे।

### मंगल भवन सहित खेल परिसर का किया गया भूमिपूजन

**कोरबा।** बांकीमोंगरा नगर की लंबे समय से चली आ रही मांग अब हकीकत में बदलने जा रही है। बांकीमोंगरा क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई देते हुए गजरा मैदान को अब एक व्यवस्थित स्टेडियम का स्वरूप दिया जाएगा। साथ ही, नागरिकों की सुविधा के लिए एक भव्य मंगल भवन का निर्माण भी किया जाएगा। इन महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल और बांकीमोंगरा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा सहित समस्त पार्षदगण के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। स्टेडियम व मंगल भवन का निर्माण 1 करोड़ 61 लाख में किया जाएगा, जिसमें मंगल भवन 96 लाख रुपए व गजरा मैदान 65 लाख रुपए सौंदर्यीकरण होगा। इस दौरान भाजयुमो छत्तीसगढ़ पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा ने कहा कि मैदान के स्टेडियम बनने से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। जनता का विश्वास और क्षेत्र का विकास ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। साथ ही मंगल भवन के निर्माण से शहरवासियों को शादी-ब्याह और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त स्थान प्राप्त होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी प्राथमिकता है और बजट की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नगर की जनता की सुविधा के लिए परिषद निरंतर प्रयासरत है और यह परियोजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी। इस दौरान नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री कंवर, पालिका अधिकारी श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो,पार्षद हेमंत साहनी, प्रमोद सोना, प्रमिला सायतोड़े उपस्थित थे।

# बांगो बांध के हाइडल प्लांट की रफ्तार की गई 10 घंटे, 84 फीसदी भरा हुआ है बांध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रदेश के सबसे बड़े बांध बांगो बांध का वाटर लेवल अब धीरे-धीरे कम होने लगा है, लेकिन अभी भी बांगों बांध में 84 फीसदी पानी भरा हुआ है। जिसकी वजह से बांगो बांध पर बने हाईडल प्लांट की रफ्तार 10 घंटे की गई है और हसदेव नदी में 1250 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है, ताकि रबी फसल के लिए किसानों को भरपूर पानी मिल सके।

बांगो बांध की कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है। इस वर्ष बारिश के मौसम में बांगो डेम के कैचमेंट एरिया में झमाझम बारिश हुई थी, जिसकी वजह से डेम का वाटर लेवल बहुत तेजी से बढ़ा था और डेम लबालब हो गया था। मौजूदा स्थिति में बांगो बांध में 357.06 मीटर पानी भरा हुआ है, जो कुल जल भराव का 84.78 प्रतिशत है। पूर्व में हाइडल प्लांट को महज दो से तीन घंटा ही संचालित किया जा रहा था, लेकिन रबी फसल के लिए पानी की डिमांड की गई है। जिसकी वजह से बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार 10 घंटे कर दी गई है। जिससे 1250 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है। यह पानी हसदेव दर्री बराज पहुंचते ही आरबीसी नहर में 1031.80 क्यूसेक तो एलबीसी नहर में 104.93 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। आने वाले दिनों में किसान यदि पानी की डिमांड और करते हैं तो निश्चित तौर पर हाइडल प्लांट की रफ्तार और बढ़ाई जाएगी। बताया जाता है कि फरवरी महीने से किसानों द्वारा पानी की डिमांड जैसे ही की जाएगी रफ्तार बढ़ाकर किसानों को भरपूर पानी दिया जाएगा, क्योकि बांगों बांध में इस साल पर्याप्त पानी है। गर्मी के दिनों में निस्तारी के लिए भी बांध के हाईडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाई जाएगी।

### 1250 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है हसदेव नदी में

**खास बातें**

- एलबीसी और आरबीसी नहर में भी छोड़ा जा रहा है पानी
- बारिश में खोले गए थे गेट



## विद्युत वितरण विभाग ने रविवार की शाम तक नहीं लिखाई रिपोर्ट

# राखड़ अनलोड करते एलटी लाईन के 16 विद्युत पोल हुए धराशायी, ढेलवाडीह सहित तीन गांव अंधेरे में





क्षतिग्रस्त खंभा एवं टूटा तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राखड़ अनलोड करने के लिए रात को पहुंची ट्रेलर के चालक में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ग्राम ढेलवाडीह के 11 केवी व एलटी लाइन के डेढ़ दर्जन विद्युत पोल को अपनी चपेट में ले लिया। पूरे लाइन में शॉर्ट सर्किट हो गई और ढेलवाडीह सहित आसपास के तीन गांव में अंधेरा छा गया। पिछले दो दिन से गांव में अंधेरा छाया हुआ है और विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा युद्ध स्तर पर विद्युत व्यवस्था को बहाल करने का कवायद शुरू कर दी गई है, लेकिन अभी भी विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में काम से कम एक दिन का वक्त और लगेगा। इस घटना के बाद विद्युत विभाग को लगभग चार लाख से अधिक का नुकसान होना बताया जा रहा है। विद्युत वितरण विभाग ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले की जान शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात राखड़ से भरी एक ट्रेलर दादर-ढेलवाडीह मेन रोड पर राखड़ अनलोड करने पहुंची हुई थी। इस दौरान ग्राम ढेलवाडीह में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रेलर के चालक ने एलटी लाइन व 11 केवी के 16 विद्युत विद्युत पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के बाद दादर, ढेलवाडीह और रापाखर्रा गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिससे तीनों गांवों में अंधेरा छा गया। देर रात हुई घटना से लोक सख्ते में आ गए और उन्होंने शॉट सर्किट की तेज आवाज सुनी तो वे बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि ट्रेलर के चालक ने खम्भों को अपनी जद में लिया हुआ था और जिसकी वजह से विद्युत पोल धरासायी हो गए थे। घटना की सूचना मिलने पर रविवार को विद्युत वितरण विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी जहां इस घटना के बाद विद्युत वितरण विभाग को लगभग 4 लाख से अधिक का नुकसान होना बताया जा रहा है। विद्युत विभाग की टीम गांव में विद्युत व्यवस्था को बहाल करने के लिए जुटी हुई है, लेकिन 16 से अधिक विद्युत टूटने की वजह से विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में काफी वक्त लग रहा है। विद्युत वितरण विभाग की मानें तो ढेलवाडीह और उसके आसपास के गांव में विद्युत व्यवस्था को बहाल करने काम किया जा रहा है। सोमवार की देर रात तक विद्युत व्यवस्था को बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

**खास बात**

- मौके पर ही खड़ी है ट्रेलर वाहन, विभाग जुटा विद्युत व्यवस्था बहाल करने में



दुर्घटनाकारित ट्रेलर।

**बहाल करने में जुटी है टीम**

ग्राम ढेलवाडीह में राखड़ अनलोड करने के दौरान एक ट्रेलर ने विद्युत विभाग के एलटी व 11 केवी के लगभग 16 विद्युत पोल को अपनी चपेट में लिया है, जिससे ढेलवाडीह में बिजली बंद है। लाइन को बहाल करने के लिए विभाग की टीम जुटी हुई है। सोमवार की देर शाम तक विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया जाएगा।

-रोशनलाल वर्मा, डीई, विद्युत वितरण विभाग, शहर

**एक दिन बाद भी नहीं हुआ अपराध दर्ज**

ग्राम ढेलवाडीह में लापरवाह ट्रेलर के चालक इंद्रदेव पटेल ने विद्युत विभाग के डेढ़ दर्जन से अधिक विद्युत पोल को धरासायी कर दिया है। सड़क पर बिजली के तार बिखरे पड़े हैं, खंभे टूटे हुए हैं और पेड़ भी क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर गिर गया है। ट्रेलर चालक घुड़देवा निवासी इंद्रदेव पटेल मौके से फरार हो रहा था, इस मामले को लेकर बताया जा रहा है कि रविवार की शाम तक न ही किसी ग्रामीणों ने और न ही विद्युत विभाग के किसी जिम्मेदार अफसर ने ट्रेलर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं करायी है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि विद्युत विभाग के अफसर कितने गंभीर हैं। जबकि ट्रेलर मौके पर ही खड़ी हुई है। बताया जाता है कि विद्युत व्यवस्था को अभी दुरूस्त होने में कम से कम एक दिन और लगेगा।

## सरस्वती शिशु मंदिर दर्री में शिशु नगरी कार्यक्रम का हुआ आयोजन




कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में प्राथमिक विभाग के भैया बहनों हेतु शिशु नगरी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें कक्षा अरुण उदय से पंचम तक के भैया बहनों व उनकी माताओं ने हिस्सा लिया। इस रंगमंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम, भारतमाता के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

हसदेव शिक्षण समिति के अध्यक्ष धनंजय सिंह की अध्यक्षता आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रीति शर्मा पार्षद राजीव नगर, विशिष्ट अतिथि फिरत राम साहू पार्षद स्याही मुड़ी, नवल किशोर शुक्ला पूर्व प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर दर्री, बद्री प्रसाद स्वर्णकार, चंदू लाल राठौर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम आनंद मेले का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा फीता काटकर व श्री गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

तदोपरांत अतिथियों ने आनंद मेला के व्यंजनों का स्वाद लिया। नन्हे बच्चों ने फरा, चीला, चौसेला, चाउमीन, इडली, ढोकला, केक, अंकुरित अनाज, फ्रूट सलाद, भेलपुरी, भजिया, समोसा, गुपचुप आदि के स्टॉल लगाये। नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों, भूतपूर्व छात्रों, अभिभावकों और विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आनंद मेला में व्यंजनों का आनंद लिया। माताओं के लिए रंगोली, मेहंदी, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता, प्रश्नमंच इत्यादि करवाया गया जिसमें मातृशक्ति ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली माताओं को पुरस्कृत किया गया, साथ ही नन्हे मुन्ने भैया बहन समाज के सहयोगी डॉक्टर, किसान, सब्जीवाली, चित्रकार, दर्जी, धोबी, सुनार की प्रदर्शनी लगाई। बच्चों के द्वारा श्रीराम, रानी लक्ष्मी बाई, रानी दुर्गावती, विवेकानंद आदि की झांकी प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में भैया बहनों के द्वारा मनमोहक छत्तीसगढ़ी नृत्य किया गया। मंच संचालन विद्यालय के आचार्य श्रवण कुमार गुप्ता ने किया। आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती सुषमा बारस्कर ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आचार्यगण व अभिभावकों का योगदान सराहनीय रहा।

**खास बातें**

- आनंद मेला, झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा
- छात्रों, अभिभावकों और नगरवासियों ने लिया विविध गतिविधियों का आनंद

# सुधार के नाम पर दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा को किया खत्म: महंत



कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्र की भाजपा सरकार ने सुधार के नाम पर झांसा देकर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा को खत्म कर दिया है। यह महात्मा गांधी की सोच को खत्म करने और गरीब मजदूरों से काम का अधिकार छीनने की जानबूझकर की गई कोशिश है।

उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत ने रविवार को गांधी चौक कोरबा में आयोजित सामुहिक उपवास कार्यक्रम के दौरान कहा। डॉ.महंत ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अब तक सविंधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित गारंटी थी। नया फ्रेमवर्क ने इसे एक कंडीशनल, केन्द्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदल दिया है। उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदले जाने पर राष्ट्रीय कांग्रेस ने मोर्चा खोला है। कांग्रेस इसके विरोध में चरण बद्ध तरीके से दिनांक 10 जनवरी से 25 फरवरी तक मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान चलाने का निर्णय लिया है। मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के दूसरे चरण में रविवार को गांधी चौक कोरबा से एक दिवसीय उपवास (व्रत) रखकर मनरेगा के नाम एवं नियम बदले जाने के लिए विरोध जताया है। इस अवसर पर सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर उन्हें नमन किया गया तत्पश्चात सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनरेगा रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरों को काम देने का कानून था। श्रमिक को काम लेने का अधिकार था। इस योजना के तहत सरकारी फरमान से कभी काम नहीं रोका गया। सांसद श्रीमती महंत ने आगे कहा कि पिछले दो दशक से यह योजना 12 करोड़ से भी अधिक मनरेगा मजदूरों के लिए लाइफलाईन रहा है। कोविड महामारी के समय भी यह योजना आर्थिक सुरक्षा के तौर पर जरूरी साबित हुआ था। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि मनरेगा स्कीम देश के गरीब से गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा रहा है। मनरेगा रोजगार का गारंटी अधिकार था लेकिन अब इसमें नाम के साथ-साथ नियमों में बदलाव किया गया जो पूरी तरह से केन्द्र सरकार की मर्जी पर निर्भर रहेगा। इस बदलाव से रोजगार का अधिकार समाप्त हो जाएगा। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि मनरेगा, रोजगार के अधिकार के नियमों में कुछ त्रुटी रही होगी उसे बेहतर किया जा सकता था नाम बदलना और रोजगार के अधिकार समाप्त करना जरूरी नहीं था। कार्यक्रम में श्रीमती कुसुम द्विवेदी, श्रीमती सपना चौहान, गजानंद साहु, सुरेश सहगल, पुष्पा पात्रे, मनीष शर्मा, तनवीर अहमद, एफ डी मानिकपुरी,पोषक दास महंत, सुनील जैन, नवीन कुकरेजा, नारायण कुर्रे, रवि चंदेल, बद्री किरण, बी डी महंत, अविनाश बंजारे, गिरधारी बरेठ सहित अन्य उपस्थित थे।

**खास बात**

- नेता प्रतिपक्ष डॉ.महंत सामूहिक उपवास कार्यक्रम में हुए शामिल

### पूर्व राजस्व मंत्री ने जयाकिशोरी से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




पूर्व मंत्री जयाकिशोरी से आशीर्वाद लेते हुए।

विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक प्रवक्ता एवं कथावाथक जयाकिशोरी का बिलासपुर में श्री प्रेम सेवा परिवार द्वारा आयोजित नानीबाई का मायरा 3 दिवसीय कथा का दिव्य आयोजन कराया जा रहा है। कथा के दूसरे दिन शनिवार को जयाकिशोरी से मिलने पहुंचे कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने साल श्रीफल भेंटकर मुलाकात की और व्यासपीठ पर विराजित विश्वविख्यात आध्यात्मिक प्रवक्ता जयाकिशोरी जी के श्रीमुख से भक्ति रस कथा का रसास्वादन किया। इस मौके पर पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, अशोक अग्रवाल, विजय केसरवानी, सुद्धांशु मिश्रा ने भी जयाकिशोरी से भेंटकर आशीर्वाद लिया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

